# घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में किया गया वृक्षारोपण

June 5, 2022




घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में किया गया वृक्षारोपण

भिलाई नगर 5 जून। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि नगर निगम पार्षद एमआईसी मेंबर पर्यावरण विभाग प्रभारी श्रीमती सत्यवती वर्मा रहे। जिन्होंने छात्राओं को पर्यावरण के संरक्षण हेतु शपथ दिलवाई, एवं छात्राओं के साथ पौधारोपण किया।




यह कार्यक्रम घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एवं इको क्लब के तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप प्राचार्य श्रीमती नीतू सिंह एवं अन्य प्राध्यापक वह छात्राएं उपस्थित थी। कार्यक्रम में विशेष मार्गदर्शन प्रबंधक श्रीमती ममता सिंह द्वारा मिला। प्राचार्य श्रीमती मृदुला वर्मा, दिग्विजय सिंह गुप्ता, भुनेश्वर साहू के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

News 22/06/22

महाविद्यालय परिसर में 21 जून 2022 को अंत-राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया जिसकी विज्ञप्ति छत्तीसगढ़ झलक समाचार पत्र में आया था। यह समाचार पत्र हमारे महा-विद्यालय में नही आता।

# घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय, दुर्ग के परिसर में सामूहिक योग दिवस खुशनुमा वातावरण में सम्पन्न




दुर्ग दुर्ग/भिलाई (छत्तीसगढ़ झलक)। 21 जून आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय, दुर्ग के परिसर में सामूहिक योग दिवस खुशनुमा वातावरण में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई तत्पश्चात आयुष मंत्रालय के प्रोटोकॉल के अनुसार पातंजलि योग समिति, दुर्ग के योग विशेषज्ञ श्रीमान रामकृष्ण चौधरी एवं श्री टोमन साहू जी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की प्रवंधक महोदया श्रीमती ममता सिंह, उपप्राचार्या श्रीमती नीतू सिंह, शिक्षा संकाय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. (श्रीमती) निशा श्रीवास्तव एवं समस्त सहायक प्राध्यापिकाएँ, कर्मचारीगण के संग महाविद्यालय की छात्राओं ने पूर्ण मनोयोग से योग किया। योग सम्बन्धी विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को विशिष्ट जनों द्वारा पुरस्कार वितरण भी किया गया। योग दिवस हेतु महाविद्यालय के डायरेक्टर श्री दिग्विजय सिंह गुप्ता जी तथा प्राचार्या डॉ. (श्रीमती) मुदुला वर्मा द्वारा शुभकामनाएँ देते हुए छात्राओं को संदेश दिया। कार्यक्रम में दयानंद शिक्षा समिति के सचिव श्री भुवनेश कुमार साहू जी ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया। डॉ (श्रीमती) निशा श्रीवास्तव के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में पौष्टिक अंकुरित का वितरण किया गया इस कार्यक्रम के प्रभारी श्रीमती तृप्ति खनंग, श्रीमती दीप्ति श्रीवास्तव रही। समस्त कार्यक्रम श्रीमती ममता

# बीएड व एमएड की प्रावीण्य सूची में घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय की छात्राओं का दबदबा



दुर्ग (पहट)। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा बीएड सेमेस्टर-4 2020 एवं एमएड सेमेस्टर-4 2020 की प्रावीण्य सूची की घोषणा की गई। जिसमें घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय की कुल 8 छात्राओं ने अपना स्थान बनाने में सफलता हासिल की। बीएड सेमेस्टर-4 2020 प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान कु. सरिता बघेल, द्वितीय स्थान कु. बबीता सिंह, तृतीय स्थान कु. अंजु पटेल, अष्टम स्थान कु. मृणालिनी लिमाए, दशम स्थान कु. रंजना पटेल ने प्राप्त किया है। एमएड सेमेस्टर-4 2020 की प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान कु. भूमिका साहू, सप्तम स्थान कु. वैदेही वैष्णव, नवम स्थान कु. आकांक्षा शर्मा ने प्राप्त किया है।

छात्राओं की इस उपलब्धि पर डायरेक्टर दिग्विजय सिंह, प्रबंधक श्रीमती ममता सिंह, सचिव भुवनेश साहू, प्राचार्य श्रीमती मृदुला वर्मा, उप प्राचार्य श्रीमती नीतू सिंह ने के सभी छात्राओं को बधाइयाँ एवं उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दी। साथ ही महाविद्यालय की शिक्षा संकाय की सभी सहायक प्राध्यापकों को उनके द्वारा की गई मेहनत की प्रशंसा करते हुए बधाइयाँ दी। प्रबंधक ने कहा कि इस परीक्षा परिणाम और प्रवीण्य सूची में महाविद्यालय की छात्राओं का स्थान आने पर महाविद्यालय परिवार अत्यंत ही गर्व का अनुभव कर रहा है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार अच्छे परिणाम की आशा करते हैं।

(हरिभूमि - न्यूज)


7/08/2022

# गर्ल्स कॉलेज में मनाया सावन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शासकीय डॉ बाबा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'सावन उत्सव' का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के कौशल विकास केन्द्र प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश ने बताया कि छात्राओं की रचनात्मक कला को प्रोत्साहित करने एवं मंच प्रदान करने सावन उत्सव आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं द्वारा बनाए गए आकर्षक रिधान, व्यंजन, कलाकृतियों की प्रदर्शनी नगाई गई। आकर्षक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें विजेताओं को तत्काल रस्कार दिए गए।

राखी के उपलक्ष्य में राखियां भी छात्राओं बनाई, जिन्हें प्रदर्शित किया गया तथा क्रय किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुशील चन्द्र तिवारी एवं वरिष्ठ



प्राध्यापक डॉ डीसी अग्रवाल ने छात्राओं क उत्साहवर्धन किया। सावन उत्सव में दु भिलाई के विभिन्न महाविद्यालयों ए शालाओं के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता दी। भिलाई महिला महाविद्यालय घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय सेन्ट्रल इण्डिया नर्सिंग कॉलेज, आदर्श कन्य विद्यालय, जेआरडी स्कूल, रोशनी आर्ट आइएनआईएफडी, फैशन मार्केट, आस्थ कलेक्शन, सुरुचि व्यंजन, भूमिका क्राफ् आदि शामिल है।

07/08/22
(छत्तीसगढ़ झलक)

# अमृत महोत्सव पर स्वयं सेवकों एवं छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर से अग्रसेन चौक तक निकाली रैली

दुर्ग (छत्तीसगढ़ झलक)। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान में घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर से अग्रसेन चौक तक रैली निकाली गई । जिसमे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती मृदुला वर्मा ,वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ निशा श्रीवास्तव एवं समस्त सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी मेनका देशमुख ने किया ।

कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती ममता सिंह के मार्गदर्शन से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ ।



07/08/22

(देशबन्धु)

# महिला महाविद्यालय में सावन उत्सव पर आकर्षक कार्यक्रम



दुर्ग, 6 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय में आयोजित सावन उत्सव में छात्राओं द्वारा निर्मित आकर्षक कलात्मक परिधान, व्यंजन एवं कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई। इन वस्तुओं की प्रतियोगिताएं भी रखी गई थी जिसमें विजेताओं को तत्काल पुरस्कृत भी किया गया।

छात्राओं द्वारा बनाई गई मनभावन राखियों की प्रदर्शनी लगाकर उनकी बिक्री भी गई। यह जानकारी महाविद्यालय कौशल विकास केन्द्र की प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने दी। प्राचार्य डॉ. सुशील चंद्र तिवारी एवं प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस सावन उत्सव में भिलाई महिला महाविद्यालय, घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय, सेंट्रल इंडिया नर्सिंग कालेज, आदर्श कन्या महाविद्यालय, जे.आर.डी स्कूल, रोशनी आई, आई.एन.आईएफडी फैशन मार्केट, आस्था कलेक्शन भूमिका क्राफ्ट की भी सहभागिता रही।




18/08/22

(छत्तीसगढ़ झलक)

29/09/22

## स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया



दुर्ग ( छत्तीसगढ़ झलक ) । स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया । इस उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी मेनका देशमुख के द्वारा नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई गई, राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवकों के द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता में आजादी के अमृत महोत्सव विषय पर आकर्षक पोस्टर छात्राओं के द्वारा बनाए गए । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दयानंद आर्य शिक्षा समिति के सचिव श्री भुवनेश साहू, प्रबंधक ममता सिंह, प्राचार्य डॉ श्रीमती मृदुला वर्मा, उप प्राचार्य श्रीमती नीतू सिंह, एवं समस्त प्राध्यापक छात्राएं उपस्थित थे । संस्था के डायरेक्टर श्री दिग्विजय सिंह गुप्ता जी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुभकामना दी। सभी की गरिमामय उपस्थिति के साथ यह कार्यक्रम सानंद संपन्न हुआ।

## घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय स्थापना दिवस समारोह



दुर्ग (छत्तीसगढ़ झलक)। 24 सितम्बर को घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्थापना दिवस समारोह मनाया गया।

जिसके मुख्य अतिथि जिला संगठक डॉ विनय शर्मा, थे कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई ।

छात्राओं ने राज गीत , एन एस एस गीत,नृत्य की प्रस्तुति दी। डॉ विनय शर्मा जी ने प्रेरणास्पद कहानियों से छात्राओं को संबोधित किया।


अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ विनय शर्मा जी को, संस्था के डायरेक्टर श्री दिग्विजय सिंह गुप्ता , प्रबंधक श्रीमती ममता सिंह, सचिव श्री भुवनेश कुमार साहू जी के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्राचार्य डॉ श्रीमती मृदुला वर्मा जी ने एन एस एस के महत्व को बताते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उप प्राचार्य नीतू सिंह सभी संकाय के छात्राएं एवम् सहायक प्राध्यापिका है उपस्थित थीं। एन एस एस प्रभारी मेनका देशमुख के निर्देशन से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

(Hitavada) 23/12/22

# CM releases book on life of Ghanshyam Singh Gupta



Chief Minister Bhupesh Baghel releasing book on life of Ghanshyam Singh Gupta.

**■ Staff Reporter**
RAIPUR, Dec 22

ON THE birth anniversary of Ghanshyam Singh Gupta Chairman of Hindi Draft Committee of Constitution, Chief Minister Bhupesh Baghel released a released a book 'Vidhan Purush' on the life of Ghanshyam Singh Gupta written by Sanjiv Tiwari at a function held at Chief Minister's residence. Pradeep Choubey, former MLA presided over the function.

Speaking on the function Chief Minister said that late Ghanshyam Singh Gupta was a freedom fighter and made valuable contribution in nation building and Constitution drafting.

Chief Minister also supported the demand for installation of an oil painting of Ghanshyam Singh Gupta in the assembly hall and said he will appeal State Assembly Speaker Dr Charandas Mahant for the same. Chief Minister also announced naming a square in Raipur after Ghanshyam Singh Gupta and installation of his statue.

Durg resident Ghanshyam Singh Gupta had been first chairman of CP and Barar Province Assembly.

The Chief Minister also congratulated author Sanjiv Tiwari for compiling memories of one of the pioneers of the freedom movement from Chhattisgarh.

Pradeep Choubey also addressed the programme, which was attended by Pratima Chandrakar, District Panchayat Durg president Shalini Yadav, Ghanshyam Singh Gupta memorial organizing committee president Shankarlal Tamrakar, Durg Municipal Corporation Speaker Rajesh Yadav, Dr Raghvendra Singh Gupta, Secretary Ashok Agrawal, treasurer Kamal Narayan Rungta, R N Verma, Ashwani Sahu, Akhilesh Yadav, and late family members of late Ghanshyam Singh Gupta.

(नवभारत)
२४/१२/२२

# स्व. घनश्याम सिंह गुप्त के जयंती समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## विधान पुरुष पुस्तक का किया विमोचन, छत्तीसगढ़ विधानसभा में स्व. घनश्याम सिंह गुप्त का तैल चित्र लगाने की मांग



दुर्ग। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और संविधान निर्माण सभा की हिन्दी ड्रॉफ्ट कमेटी के अध्यक्ष स्व. घनश्याम सिंह गुप्त के जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्व. घनश्याम सिंह गुप्त महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। देश की आजादी और देश के निर्माण में तथा संविधान निर्माण में उनका बहुमूल्य योगदान था। ऐसे महापुरूष की याद में जयंती समारोह का आयोजन एक सराहनीय पहल है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने घनश्याम सिंह गुप्त स्मृति आयोजन समिति द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा में उनका तैल चित्र लगाने की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि वे इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत से इस संबंध में आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर के एक चौक का नामकरण स्व. घनश्याम सिंह गुप्त के नाम पर किया जाएगा और वहां उनकी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्ग निवासी स्वर्गीय घनश्याम सिंह गुप्त सीपीएंड बरार प्रांत की विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष भी रहे।

मुख्यमंत्री ने समारोह में स्व. घनश्याम सिंह गुप्त के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाशित पुस्तक विधान पुरूष का विमोचन भी किया। इस पुस्तक के लेखक संजीव तिवारी हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पुस्तक के लेखक श्री तिवारी को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने हमारे पुरखों की सुरता कर उनकी स्मृतियों को संजोने का सराहनीय प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने संजीव तिवारी को आयोजकों की ओर से सम्मानित करते हुए बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक प्रदीप चौबे ने की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी यादव, घनश्याम सिंह गुप्त स्मृति आयोजन समिति के अध्यक्ष शंक लाल ताम्रकार ने स्वागत भाषण दिया कार्यक्रम में आयोजन समिति के उपाध्य और नपानि सभापति राजेश यादव, पू पार्षद डॉ. राघवेन्द्र सिंह गुप्ता, सचि अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कमल नाराय रूंगटा, पूर्व महापौर आर.एन. वर्मा स अश्वनी साहू, अखिलेश यादव, स्व घनश्याम सिंह गुप्त के परिवार के स और नागरिक उपस्थित थे।

(नवभारत) 25/12/22

# घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में नैक मूल्यांकन की प्रक्रिया आयोजित



दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में नैक मूल्यांकन की दो दिवसीय प्रक्रिया 15 एवं 16 दिसम्बर को सम्पन्न हुई। इस मूल्यांकन प्रक्रिया के अध्यक्ष सौराष्ट्र विश्वविद्यालय राजकोट की पूर्व कुलपति प्रो. नीलाम्बरी दवे थी। समिति के अन्य सदस्यों में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर की प्रो. माया इंगले तथा उत्तर बंगाल दार्जीलिंग के प्रो. देवव्रत मित्रा थे। नैक मूल्यांकन समिति द्वारा दो दिवसीय प्रक्रिया में प्राचार्या के प्रस्तुतीकरण के साथ-साथ विभिन्न विभागों के प्रस्तुतीकरण का अवलोकन करते हुए सभी विभागों का भौतिक रूप से अवलोकन किया तथा महाविद्यालय की प्रगति हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। इस मूल्यांकन की प्रक्रिया में 2.27 सीजीपीए के साथ बी ग्रेड प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता, सचिव भुवनेश साहू, प्रबंधक श्रीमती ममता सिंह ने प्राचार्या डॉ. मृदुला वर्मा, उपप्राचार्या श्रीमती नीतू सिंह नैक समन्वय डॉ. निशा श्रीवास्तव, आई.क्यू.ए.सी. समन्यवक डॉ. हितेश्वरी रावते एवं समस्त प्राध्यापिकाओं एवं महाविद्यालय परिवार को बधाई दी है।

नवभारत 28/12/22

# ममता सिंह को मिला भारत भूषण सम्मान



दुर्ग। ममता सिंह दुर्ग शहर की एक वो चुनिंदा नाम जो समाज कल्याण मे शिक्षा जगत में व राजनैतिक क्षेत्र में जनहित के प्रति कार्य करने में मुख्य भूमिका निभा रही है। ममता सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय (घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय) की प्रबंधक व दुर्ग की राजनीति में ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस की चैप्टर अध्यक्ष है। उनके माध्यम से कई असहाय बच्चियों को निःशुल्क स्नातक शिक्षा प्रदान कर उनको उनके उज्जवल भविष्य बनाने हेतु एक सार्थक प्रयास कर रही है। उन्होंने इस मिशन को हमर बेटी हमर अभिमान के नाम से शुरू किया था। जिसका शुभारंभ ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष क्षितिज चंद्राकर द्वारा किया गया था। साथ ही ममता वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों व अनाथ आश्रम में रह रहे बच्चों के लिए रोजमर्रा की जरुरत को भी पूरा करने हर मुमकिन प्रयास करती आ रही है। उनके इन्ही कार्यों को देखते हुए नेशनल एंटी हरासमेंट फाउंडेशन ने उन्हें भारत भूषण अवार्ड देकर सम्मान दिया है। यह अवार्ड फंक्शन भोपाल के एक निजी होटल में रखा गया था। ममता को यह अवार्ड मुख्य अतिथि व सेलिब्रिटी जो भारतीय फिल्म और टेलीविजन अभिनेता और गायक अरुण बक्शी व मुख्य अतिथि मेजर जर्नल तेजपाल सिंह रावत द्वारा दिया गया। इससे पहले भी ममता को शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु कई सम्मान व अवार्ड मिल चुके हैं। उनकी यह सोच है कि हमारा जीवन कहीं न कहीं दूसरों के काम आते रहे और दूसरों के लिए भी वरदान साबित हो। इसी सोच को अपने जीवन का उद्देश्य साध कर अपना जीवन बड़े सादगी से जीती आ रही है।

पत्रिका - २९/१२/२२

जयंती समारोह

# सीएम ने किया घनश्याम सिंह गुप्त के जीवन पर आधरित किताब का विमोचन



**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**दुर्ग** . दुर्ग के प्रखर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं सीपी एंड बरार के वर्षो तक विधानसभा अध्यक्ष रहे स्व. घनश्याम सिंह गुप्त की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास रायपुर में घनश्यामसिंह गुप्त की जयंती समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर स्व. गुप्त के जीवन पर आधारित संजीव तिवारी द्वारा लिखित पुस्तक "विधान पुरूष दाऊ घनश्याम सिंह गुप्त का विमोचन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किया गया। स्व. धनश्याम सिंह गुप्त संविधान सभा द्वारा नियुक्त उस कमेटी के अध्यक्ष थे, जिन्होंने संविधान की हिन्दी भाषा में अनुवाद किया था। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रदीप चौबे, घनश्यामसिंह गुप्त स्मृति आयोजन समिति के सचिव अधिवक्ता नोटरी अशोक अग्रवाल, संतोष विश्वकर्मा, किताब के लेखक संजीव तिवारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

26/01/23 पत्रिका

गणतंत्र दिवस: संविधान का हिंदी अनुवाद करने वाली समिति के अध्यक्ष की चौथी पीढ़ी से विशेष बात

# घनश्याम सिंह गुप्ता की जीवनी स्कूलों में पढ़ाएं, पीएचडी में भी करेंगे सहयोग

*युवा पीढ़ी को लेकर आमतौर पर यह धारणा रहती है कि आज का युवा प्रतिभाशाली तो है पर अपनी संस्कृति, परंपरा और विरासत के प्रति सजग नहीं है। विधान पुरुष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दाऊ घनश्याम सिंह गुप्त की चौथी पीढ़ी के युवा दिग्विजय सिह गुप्त इस धारणा को तोड़ते हुए प्रतीत होते हैं। अपने परदादा दाऊ घनश्यामसिंह गुप्त के प्रति उनके मन में अगाध श्रद्धा है। उनके द्वारा शुरू किए गए नारी शिक्षा के काम को वे आगे बढ़ाने में जुटे हुए हैं। आप अपने परदादा दाऊ घनश्याम सिंह गुप्त के बारे कितना जानते हैं? पत्रिका के इस सवाल पर उनके चेहरे पर गर्व का भाव आया। अपने परदादा के बारे में उन्होंने जो बताया उन्हीं की जुबानी...*


पत्रिका
गणतंत्र दिवस विशेष
तंत्र को मजबूत करने वाले **गण**

**पुनीत कौशिक**
patrika.com

दुर्ग. मेरे परदादा दाऊ घनश्याम सिंह गुप्त ने देश की आजादी से लेकर आजादी के बाद देश के संविधान के निर्माण में अपना अहम योगदान दिया है। देश आजाद हुआ तब दुर्ग के पुरानी पुलिस लाइन में तिरंगा मेरे परदादा ने फहराया था। अफसोस है कि उनके बारे में ज्यादा नहीं लिखा गया है। वे देशभक्त थे। दृढ़ निश्चयी और बहुत साहसी थे। जब भी कहीं मेरे परदादा का जिक्र होता है तो मैं बहुत गौरवान्वित होता हूं।

## कोई पीएचडी करे, हम पूरा सहयोग करेंगे

मैं चाहता हूं कि मेरे परादादा की जीवनी पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी एक देशप्रेमी और सेनानी के तौर पर उनको जानें। मेरी इच्छा है कि कोई दाऊ घनश्यामसिंह गुप्त पर पीएचडी करे, हम उनको पूरा सहयोग करेंगे।




## संविधान निर्माण में बड़ी जिम्मेदारी

जब देश का संविधान बनाया गया तब मेरे परदादा दाऊ घनश्याम सिंह गुप्त संविधान के हिंदी अनुवाद समिति के अध्यक्ष बनाए गए थे। यह बड़ी जिम्मेदारी थी, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया। वे उच्च शिक्षित थे। 1906 में बीएससी की डिग्री गोल्ड मेडल से साथ प्राप्त की थी। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एलएलबी किए थे। वे हॉकी के अच्छे खिलाड़ी भी थे। उन्होंने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय (हिमाचल प्रदेश) में अध्यापन किया। दुर्ग में वकालत भी शुरू किया था, उसी समय वे देश के स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से जुड़ गए। उन्हें जेल भी जाना पड़ा।



दिग्विजय सिंह गुप्त

## गांधीजी के करीबी थे परदादा

कई महान सेनानियों से उनके बहुत अच्छे संबंध थे। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के करीबी रहे। गांधीजी 1933 में जब दुर्ग आए थे तो हमारे निवास में ही ठहरे थे। देश की आजादी के बाद भी उन्होंने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई। वे सीपी एंड बरार प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष रहे। 1925 में वे दुर्ग नगर पालिका के अध्यक्ष चुने गए।

## लड़कियों के लिए स्कूल खोला

मेरे परदादा सर्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के 26 साल तक निर्विरोध अध्यक्ष रहे। जब लड़कियों को पढ़ाने के बारे कोई सोच भी नहीं सकता था, तब उन्होंने दुर्ग में प्रथम कन्याशाला शुरू किया। दानवीर तुलराम आर्य ने जमीन दान की थी। मेरे परदादा ने उन्हीं के नाम से तुलाराम आर्य कन्या शाला शुरू किया। मेरे दादा पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद धरमपाल सिंह गुप्त ने इसे आगे बढ़ाया और परदादा के नाम से दाऊ घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय शुरू किया।

## मेरी राजनीति में रुचि नहीं

मैंने पुणे से एमबीए किया है। मेरे दादा, परदादा का राजनीति में बड़ा नाम था; पर इसमें मेरी जरा भी रुचि नहीं है। उस समय की राजनीति अलग थी, और आज बहुत अलग है। मेरा सपना अपने परदादा के शुरू किए नारी शिक्षा को आगे बढ़ाना है। स्कूल व कॉलेज के संचालन में मैं पिताजी का सहयोग कर रहा हूं। आज कई गरीब बच्चियां पढ़ रही हैं, जिनका हमने 10वीं से 12वीं तक का फीस माफ कर दिया है। कई छात्राएं यहीं पढ़ी हैं और अब यहीं टीचर भी हैं।

## सरकार दे रही ध्यान


मुझे तब बहुत खुशी हुई, जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मेरे परदादा पर लिखित किताब का विमोचन किया। उनके बारे में जाना। उन्हें खास तवज्जो दी। छत्तीसगढ़ विधानसभा में दाऊ घनश्यामसिंह गुप्त का छाया चित्र रखने का भरोसा दिलाया। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बहुत आभारी हूं।

29/01/23 नवभारत

6/3/23

## न्यूज़ डायरी

## घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस



दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापिकाएं, कर्मचारी गण एवं छात्राओं की उपस्थिति में श्रीमती मृदुला वर्मा द्वारा ध्वजारोहण कि गया। महाविद्यालय के प्रणेता घनश्याम सिंह गुप्त ने देश की आजादी से लेकर आजादी के बाद संविधान के निर्माण में अपना अहम योगदान दिया। जिसका प्राचार्या द्वारा छात्राओं को अवगत कराया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत बी. काम द्वितीय वर्ष की छात्रा नंदिनी तांडी को युवा महोत्सव के अंत्पति राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने के लिए प्राचार्या द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इसके पश्चात बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दयानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह गुप्ता, स्मृति गुप्ता, श्रीमती आभा गुप्ता द्वारा पूजा संपन्न की गई। प्राचार्य डॉ. श्रीमती मृदुला वर्मा, उपप्राचार्य नीतू सिंह एवं समस्त विभागाध्यक्ष, प्राध्यापिकाएं, कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थे। सभी ने पीले रंग वेशभूषा धारण कर एवं पुष्प अर्पित कर मां सरस्वती का वंदन किया। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। डॉ. श्रीमती निशा श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।

## न्यूज़ डायरी

## घनश्याम कन्या कॉलेज में स्वागत एवं विदाई समारोह



दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय के कला संकाय की छात्राओं द्वारा 27 फरवरी को स्वागत एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बीए प्रथम वर्ष की छात्राओं का स्वागत में बीए अंतिम वर्ष की छात्राओं की विदाई समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र सिंह गुप्ता थे एवं प्राचार्य डॉ. मृदुला वर्मा, उपप्राचार्य नीतू सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक विभा शर्मा व अन्य अध्यापकों की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। मुख्य अतिथि डॉ. राघवेंद्र गुप्ता ने छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने छात्राओं को आगामी परीक्षा कीं तैयारी लगन से करने प्रेरित किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक एवं मनोरंजक खेल की प्रस्तुति दी। जिसमें मिस फ्रेशर का खिताब बीए प्रथम वर्ष से गीतांजलि देवांगन एवं मिस फेयरवेल का पुरस्कार बीए तृतीय वर्ष से अर्पिता पांडे, बेस्ट कैट वाक के लिए मोनिका महार, अंजलि देवांगन, वर्ष की सबसे शरारती छात्रा हेतु लक्ष्मी पटेल, मिस ब्यूटी के लिए निलोफर परवीन को चुना गया। मंच संचालन लक्ष्मी साहू व दिशा साहू ने किया। बीए द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने कार्यक्रम को संचालित किया। कला संकाय के विभागाध्यक्ष तृप्ति खनग ने आभार व्यक्त किया।

नवभारत 14/3/23

## घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान

दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में कंप्यूटर विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव, एडिशनल डायरेक्टर एवं अकादमिक डीन, शंकरा महाविद्यालय, जुनवानी, भिलाई, उपप्राचार्य नीतू सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. निशा श्रीवास्तव, विभा शर्मा तथा सभी सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे। स्वागत श्रृंखला के पश्चात श्री राव का व्याख्यान प्रारंभ हुआ। इसमें सभी विभाग की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक सौरभ साहू ने किया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र सिंह गुप्ता, कोआर्डिनेटर डॉ. हितेश्वरी रावते, सहायक प्राध्यापक प्रहारिका अग्निहोत्री उपस्थित थे।

नवभारत 15/3/23

## ऑनलाइन देशभक्ति गीत लेखन में मोनल प्रथम



दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय आर्य नगर में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ऑनलाइन देशभक्ति गीत लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें महाविद्यालय के बीएड चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा मोनल साहा ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान व नगद 10000 रुपये पुरस्कार राशि प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। इसके लिए दयानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र सिंह गुप्ता द्वारा उन्हें बधाई दी। प्राचार्य डॉ. श्रीमती मृदुला वर्मा, उपप्राचार्य श्रीमती मीत सिंह तथा बीएड विभागाध्यक्ष आस्था सिजारिया, कार्यक्रम प्रभारी सौरभ साहू एवं सांस्कृतिक प्रभारी प्रीतिका ताम्रकार व नीलमणी त्रिपाठी एवं समस्त सहायक प्राध्यापिकाओं द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

29/01/23 नवभारत

न्यूज डायरी

## घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस



दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापिकाएं, कर्मचारी गण एवं छात्राओं की उपस्थिति में श्रीमती मृदुला वर्मा द्वारा ध्वजारोहण कि गया। महाविद्यालय के प्रणेता घनश्याम सिंह गुप्त ने देश की आजादी से लेकर आजादी के बाद संविधान के निर्माण में अपना अहम योगदान दिया। जिसका प्राचार्या द्वारा छात्राओं को अवगत कराया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत बी. काम द्वितीय वर्ष की छात्रा नंदिनी तांडी को युवा महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने के लिए प्राचार्या द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इसके पश्चात बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दयानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह गुप्ता, स्मृति गुप्ता, श्रीमती आभा गुप्ता द्वारा पूजा संपन्न की गई। प्राचार्य डॉ. श्रीमती मृदुला वर्मा, उपप्राचार्य नीतू सिंह एवं समस्त विभागाध्यक्ष, प्राध्यापिकाएं, कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थे। सभी ने पीले रंग वेशभूषा धारण कर एवं पुष्प अर्पित कर मां सरस्वती का वंदन किया। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। डॉ. श्रीमती निशा श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।

न्यूज डायरी

## घनश्याम कन्या कॉलेज में स्वागत एवं विदाई समारोह



दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय के कला संकाय की छात्राओं द्वारा 27 फरवरी को स्वागत एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बीए प्रथम वर्ष की छात्राओं का स्वागत में बीए अंतिम वर्ष की छात्राओं की विदाई समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र सिंह गुप्ता थे एवं प्राचार्य डॉ. मृदुला वर्मा, उपप्राचार्य नीतू सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक विभा शर्मा व अन्य अध्यापकों की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। मुख्य अतिथि डॉ. राघवेंद्र गुप्ता ने छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने छात्राओं को आगामी परीक्षा कीं तैयारी लगन से करने प्रेरित किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक एवं मनोरंजक खेल की प्रस्तुति दी। जिसमें मिस फ्रेशर का खिताब बीए प्रथम वर्ष से गीतांजलि देवांगन एवं मिस फेयरवेल का पुरस्कार बीए तृतीय वर्ष से अर्पिता पांडे, बेस्ट कैट वाक के लिए मोनिका महार, अंजलि देवांगन, वर्ष की सबसे शरारती छात्रा हेतु लक्ष्मी पटेल, मिस ब्यूटी के लिए निलोफर परवीन को चुना गया। मंच संचालन लक्ष्मी साहू व दिशा साहू ने किया। बीए द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने कार्यक्रम को संचालित किया। कला संकाय के विभागाध्यक्ष तृप्ति खनग ने आभार व्यक्त किया।

नवभारत 14/3/23

## घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान

दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में कंप्यूटर विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव, एडिशनल डायरेक्टर एवं अकादमिक डीन, शंकरा महाविद्यालय, जुनवानी, भिलाई, उपप्राचार्य नीतू सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. निशा श्रीवास्तव, विभा शर्मा तथा सभी सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे। स्वागत श्रृंखला के पश्चात श्री राव का व्याख्यान प्रारंभ हुआ। इसमें सभी विभाग की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक सौरभ साहू ने किया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र सिंह गुप्ता, कोआर्डिनेटर डॉ. हितेश्वरी रावते, सहायक प्राध्यापक प्रहारिका अग्निहोत्री उपस्थित थे।

नवभारत 15/3/23

## ऑनलाइन देशभक्ति गीत लेखन में मोनल प्रथम



दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय आर्य नगर में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ऑनलाइन देशभक्ति गीत लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें महाविद्यालय के बीएड चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा मोनल साहा ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान व नगद 10000 रुपये पुरस्कार राशि प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। इसके लिए दयानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र सिंह गुप्ता द्वारा उन्हें बधाई दी। प्राचार्य डॉ. श्रीमती मृदुला वर्मा, उपप्राचार्य श्रीमती मीत सिंह तथा बीएड विभागाध्यक्ष आस्था सिजारिया, कार्यक्रम प्रभारी सौरभ साहू एवं सांस्कृतिक प्रभारी प्रीतिका ताम्रकार व नीलमणी त्रिपाठी एवं समस्त सहायक प्राध्यापिकाओं द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

नवभारत 21/03/23

## एमएड की छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण



दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय आईक्यूएसी सेल द्वारा पीजी कक्षा के अंतर्गत एमएड की छात्राओं का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण ज्ञानार्जन स्थल छत्तीसगढ़ राज्य के खैरागढ जिला के कलातीर्थ संगम इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय एवं अन्य दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया गया। दयानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र सिंह गुप्ता ने छात्राओं के उच्च बौद्धिक, आध्यात्मिक, नैतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मृदुला वर्मा, उपप्राचार्य श्रीमती नीतू सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो. डॉ. निशा श्रीवास्तव, आईक्यूएसी प्रमुख डॉ. हितेश्वरी रावते एवं सहायक प्राध्यापिका दीप्ति श्रीवास्तव के प्रयासों से ही इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के भ्रमण के लिए अनुमति और गाइड की व्यवस्था सहजतापूर्वक हो पाई। इस महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग नृत्य, गायन, वादन, चित्रकला एवं मूर्ति कला का गहन जिज्ञासा छात्राओं ने विभिन्न प्रश्नों द्वारा पूरी की। जीवन्त साक्ष्यों के रूप में छात्रों ने भी संग्रहालय एवं परिसर के दृश्यों को कैमरे में कैद किया। तत्पश्चात छात्राओं को बैराज बांध, बैताल रानी घाटी और छिन्दारी बांध का भ्रमण कराया गया।

नवभारत 28/03/23

## उपचारात्मक शिक्षण पर व्याख्यान



दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में 24 मार्च को शिक्षण-प्रशिक्षण की गुणात्मकता एवं उपचारात्मक शिक्षण पर व्याख्यान सम्पन्न हुआ। बहुमुखी प्रतिमा के धनी छत्तीसगढ़ी-काव्य परम्परा में पारंगत, डी. लिट उपाधि विभूषित शिक्षा सहायक संचालक दुर्ग के डॉ बी.रघु ने अपने सारगर्भित व्याख्यानों से विद्यार्थियों को अभिभूत किया। दयानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र सिंह गुप्ता, उपमंत्री संजय ताम्रकार, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मृदुला वर्मा, उपप्राचार्या श्रीमती नीतू सिंह, परिष्ठ प्रोफेसर डॉ. निशा श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम संचालिका प्रीतिका ताम्रकार ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। डॉ. बी.रघु जी ने विद्यार्थियों को ज्ञानरूपी दो कैप्सूल, दृष्टिकोण संगठित प्रयास लक्ष्य और ज्ञान-विज्ञान द्वारा उपचारात्मक शिक्षण को ग्रहण करने की बात कही। शिक्षक-विद्यार्थी के अंतसंबंध, दण्ड और पुरस्कार, आत्मविश्वास में वृद्धि और भारतीय परंपरा एवं संस्कृति जैसे विषयों की सारगर्भित व्याख्या की छिद्रान्वेषी न होकर सत्यान्वेषी बनने के लिए भी डॉ. बी.रघु ने समस्त श्रोताओं को प्रेरित किया। मीडिया प्रभारी दीप्ति श्रीवास्तव ने व्याख्यान की मुख्य बिन्दुओं को लिपिबद्ध किया। बहुआयामी डॉ. बी.रघु के व्याख्यान से समस्त महाविद्यालयीन परिवार लाभांवित हुए।

हरिभूमि 28/03/23

## आर्य कन्या कॉलेज में व्याख्यान

दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में 3 को शिक्षण प्रशिक्षण की गुणात्मकता एवं उपचारात्मक शिक्षण पर व्याख्यान हुआ। शिक्षा सहायक संचालक दुर्ग के डॉ बी रघु ने व्याख्यान दिए।दयानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ राघवेन्द्र सिंह गुप्ता, उपमंत्री संजय ताम्रकार, प्राचार्या डॉ मृदुला वर्मा, उपप्राचार्या श्रीमती नीतू सिंह, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ निशा श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम संचालिका श्रीमती प्रीतिका ताम्रकार ने उनका किया। डॉ बी रघु ने विद्यार्थियों को ज्ञानरूपी दो कैप्सूल दृष्टिकोण, संगठित प्रयास लक्ष्य और ज्ञान-विज्ञान द्वारा उपचारात्मक शिक्षण को ग्रहण करने की बात कही। मीडिया प्रभारी श्रीमती दीप्ति श्रीवास्तव ने व्याख्यान की मुख्य बिन्दुओं को लिपिबद्ध किया।

नवभारत 6/04/2023

## घनश्याम सिंह महाविद्यालय में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय आर्य नगर में 31 मार्च को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री महावीर जैन विद्यालय, सरस्वती विद्यापीठ, किशोर पब्लिक स्कूल, ट्विंकल किड्स स्कूल, नीरज स्कूल, तुंलाराम आर्य कन्या विद्यालय, धर्मपाल पब्लिक स्कूल उपस्थित थे। साथ ही विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं जिसके अंतर्गत घनश्याम सिंह आर्य महाविद्यालय, विद्यापीठ महाविद्यालय, स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय, महिला महाविद्यालय से विभिन्न बी.एड. एम.एड. एवं डी.एल.एड. के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। दयानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह गुप्ता द्वारा सभी को प्रोत्साहित किया गया एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) मृदुला वर्मा, उपप्राचार्य श्रीमती नीतू सिंह एवं शासी निकाय के सदस्यों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम किया गया। प्लेसमेंट प्रभारी श्रीमती आस्था सिजारिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। जिसमें आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. हितेश्वरी राऊते एवं बी.एड. के समस्त सहायक प्राध्यापिका प्रीतिका ताम्रकार, स्वाति तिवारी, पूजा देवांगन, प्रीति खापर्डे, तान्या मिश्रा, प्रहारिका अग्निहोत्री, मीडिया प्रभारी संगीता वर्मा ने कार्यक्रम में सराहनीय योगदान दिया।

दैनिक भास्कर 18/04/23

# विद्यार्थियों को बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में बताया

भास्कर न्यूज | दुर्ग

घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय, दुर्ग में बौद्धिक संपदा अधिकार पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता अविनाश वर्मा और दीपक यावलकर जिला न्यायालय दुर्ग का स्वागत शिक्षण समिति ने किया। शैक्षणिक अभिव्यक्ति और अधिकारों की चर्चा करते हुए अधिवक्ता अविनाश ने विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को कॉपीराइट्स के नियमों को बताया। अपनी मौलिक कृति के संरक्षण एवं संरक्षण के लिए वर्ल्ड इंटलेक्चुअल प्रापर्टी राइट्स एक्ट के बारे में जानकारी दी। वहीं अधिवक्ता दीपक ने भौतिक संपदा के संरक्षण के लिए आईपीआर के अतिरिक्त ट्रेडमार्क, पेटेंट की नियमावलियों का ज्ञान भी कराया। इसके अलावा उन्होंने असंवैधानिक कार्यों के लिए 6 से 2 वर्षों की सजा और पांच हजार से दो लाख रुपए तक की जुर्माने की बात भी बताई। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. हितेश्वरी रावते के मार्गदर्शन में यह कार्यशाला हुई। दयानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष आभा रानी गुप्ता, प्राचार्य डॉ. मृदुला वर्मा, नीतू सिंह, कार्यशाला प्रभारी प्रीतिका ताम्रकार, हिन्दी विभागाध्यक्ष विभा शर्मा, दीप्ति श्रीवास्तव, संगीता वर्मा आदि उपस्थित रहे।

नवभारत 30/4/23

# घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्या की छात्राओं को मिला प्रथम स्थान



दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय 24 अप्रैल को हेमचंद विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में महाविद्यालय के लिए स्वर्णिम दिन है। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय की छात्राएं विश्वविद्यालय के प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल रही। दुर्ग-भिलाई के शिक्षा जगत में महाविद्यालय को शिखर पर पहुंचाने के कारण ही संस्था के शासी निकाय के समस्त सदस्यों ने रहे छात्राओं को प्रदान की। द समिति के अ राघवेंद्र सिंह उपाध्यक्ष श्रीम रानी, प्राचार्य डॉ मृदुला वर्मा, उप श्रीमती नीतू सिंह ए संकाय की विभ प्रोफेसर डॉ. श्रीवास्तव और एम.एड विभाग की समस्त प्राध्यापकों एवं कामर्स संकाय के समस्त प्राध्यापकों की लगनशीलता को स्वर्णिम सफ बदलते हुए महाविद्यालय की एम.एड की छात्रा बघेल (सत्र 2018-20), चिन्मयी बेहरा ( 21), श्रीमती शिल्पा शर्मा (2020-22) बी.कॉम (सत्र 2021-22) की छात्रा रेणुका ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

4/5/23

# अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजनः श्रमिकों को गमछा देकर किया सम्मानित



श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में दिनांक 01 मई 2023 दिन सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना एवं राजकीय गीत के द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप एवं दयानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र सिंह गुप्ता, उपाध्यक्ष श्रीमती आभारानी गुप्ता तथा कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल तथा उपमंत्री संजय ताम्रकार व वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत अग्रवाल तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) मृदुला वर्मा, तुलाराम आर्य कन्या उ.मा. विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती नीना शिवहरे, धर्मपाल सिंह आर्य कन्या पब्लिक स्कूल की प्राचार्य गव्या चावड़ा एवं साथ ही समस्त प्राध्यापिकाएँ एवं कार्यालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

अतिथियों का स्वागत सम्मान श्रीफल व पौधा देकर किया गया। अतिथियों के द्वारा श्रमिकों को गमछा, पानी की बॉटल देकर सम्मानित किया गया एवं मध्यान्ह भोजन में बोरे बासी का भी खिलाया गया। कुलसचिव महोदय के द्वारा यह कहा गया कि मजदूर भी हमारे परिवार के ही सदस्य के समान होते है। अत: मजदूरों का हमें हमेशा सम्मान करना चाहिए। इस प्रकार महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न किया गया। मंच संचालन शिक्षा विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. (श्रीमती) निशा श्रीवास्तव ने किया ।

नवभारत 5/5/23

## घनश्याम कॉलेज में मनाया श्रमिक दिवस



दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप एवं दयानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र सिंह गुप्ता, उपाध्यक्ष श्रीमती आभारानी गुप्ता तथा कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, उपमंत्री संजय ताम्रकार व वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत अग्रवाल तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मृदुला वर्मा, तुलाराम आर्य कन्या उ.मा. विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती नीना शिवहरे, धर्मपाल सिंह आर्य कन्या पब्लिक स्कूल की प्राचार्य गव्या चावड़ा सहित प्राध्यापिकाएं एवं कार्यालयीन कर्मचारीगण उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत श्रीफल व पौधा देकर किया गया। अतिथियों द्वारा श्रमिकों को गमछा, पानी की बाटल देकर सम्मानित किया गया एवं मध्यान्ह भोजन में बोरे बासी खिलाया गया। मंच संचालन शिक्षा विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. निशा श्रीवास्तव ने किया।

हरिभूमि 5/5/23

## कालेज में श्रमिक दिवस मनाया



दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय, दुर्ग में विगत दिनों अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना एवं राजकीय गीत के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप एवं दयानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र सिंह गुप्ता, उपाध्यक्ष आभारानी गुप्ता तथा कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल तथा उपमंत्री संजय ताम्रकार व वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत अग्रवाल तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मृदुला वर्मा, तुलाराम आर्य कन्या उमा विद्यालय की प्राचार्य नीना शिवहरे, धर्मपाल सिंह आर्य कन्या पब्लिक स्कूल की प्राचार्य गव्या चावडा एवं साथ ही समस्त प्राध्यापिकाएँ एवं कार्यालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत सम्मान श्रीफल व पौधा देकर किया गया। अतिथियों के द्वारा श्रमिकों को गमछा, पानी की बॉटल देकर सम्मानित किया गया एवं मध्यान्ह भोजन में बोरे बासी खिलाया गया। कुलसचिव महोदय के द्वारा यह कहा गया कि दूर भी हमारे परिवार के ही सदस्य के समान होते है । अतः मजदूरों का हमें हमेशा सम्मान करना चाहिए। इस प्रकार महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न किया गया, मंच संचालन शिक्षा विभाग की दरिद प्राध्यापिका डॉ. (श्रीमती) निशा श्रीवास्तव ने किया।

नवभारत 7/5/23

## धर्मपाल सिंह आर्य पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन



दुर्ग। धर्मपाल सिंह आर्य पब्लिक स्कूल में बच्चों के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक विकास हेतु 10 दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। समर कैम्प की प्रमुख आयोजिका दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती आभारानी गुप्ता है, जिनके निर्देशन में कैम्प सुचारू रूप से चल रहा है। समर कैम्प में बच्चों को जुम्बा डांस, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, ड्राइंग, फन विद मैथ्स, वॉटर पूल फन कर्सिव राइटिंग तथा संस्कृत श्लोक उच्चारण सिखाया जा रहा है, इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो रहा है। सभी बच्चे उत्साह से कैम्प का आनंद ले रहे हैं। समर कैम्प में स्कूल की प्राचार्या गव्या चावड़ा, तनुश्री, आमा साहू, बादल सभी विशेष योगदान दे रहे हैं। समिति के अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र सिंह गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता ने बच्चों के उत्साह को देखकर प्रशंसा की।